वी.यू. के कुलपति, डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा पशुधन प्रक्षेत्र, आमानाला, सरसवाही एवं हिनौता का औचक निरीक्षण

जबलपुर। दिनांकः 20.07.2020 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति, डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी ने पशुधन प्रक्षेत्र, आमानाला स्थित बकरी फार्म एवं औषधि वाटिका का निरीक्षण किया। यहाँ पर सिरोही, बारवरी एवं ब्लैक बंगाल उन्नत नस्लों के रखरखाव व औषधि वाटिका के विस्तार की पूर्ण जानकारी ली एवं पशुधन प्रक्षेत्र आमानाला, सरसवाही एवं हिनौता क्षेत्र की सीमाओं की भूमि का भ्रमण किया एवं भविष्य में उनके विस्तार की चर्चा की साथ ही खरीफ फसलों के उत्पादन की जानकारी ली एवं भावी रूपरेखा हेतु विचार मंथन किया गया।

कुलपति जी के प्रक्षेत्र निरीक्षण के दौरान डॉ. विनोद कुमार बाजपेयी, कुलसचिव, डॉ. ए.के. गौर, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, इंजी, ए.के. सिंह, कार्यपालन यंत्री, डॉ. शिल्पा गजभिये, प्रभारी अधिकारी, डॉ. सीमा भिण्डवाले, सहा. प्राध्यापक उपस्थित थे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)